www.maharashtracrimes.in
Email : editor@maharashtracrimes.in
www.maharashtracrimes.blogspot.in
maharashtracrimes@gmail.com

RNI NO. : MAHHIN/1998/02261

# महाराष्ट्र क्राईम्स

वर्ष 21 | अंक 05 | मुंबई, 05 मार्च 2022 | पृष्ठ : 8 | कीमत : 5 रुपये | प्रधान संपादक : सिराज चौधरी

## अजब-गजब तलोजा पुलिस थाणे की नाटकीय करामात

# असली आरोपी को छिपा कर नकली आरोपी को किया न्यायालय में पेश!

## बामर लॉरी प्रशासन और तलोजा पुलिस थाणे की सांठगांठ से न्यायपालिका की दिशाभूल

**दत्ता माने**

**नवी मुंबई,** सद्रक्षणाय खलनिग्रहणाय महाराष्ट्र पुलिस का ब्रीद वाक्य नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय के अखत्यारी मे आने वाले तळोजा पुलिस थाणे ने खल रक्षणाय सद् निग्रहणाय इस वाक्य मे बदल दिया है.यहा पर गरीब मजदूर और आर्थिक ताकत कम रहने वाली आम जनता के लिए कोई न्याय नही होता. पैसा फेको तमाशा देखो इसी न्याय से तलोजा पुलिस काम कर रही है. किसी अपराधी के मामले की जांच निष्पक्ष रूप से कर अपराधी को दंडित करने के बजाये अपराधी को बचाने हेतु न्याय व्यवस्था चलाने वाले न्यायालय को भी गुमराह करने मे जरा सी भी भय महसूस नही करती है. महाराष्ट्र पुलिस के लिये दुर्भाग्य और शर्म की बात है.

ऐसा ही एक मामला महाराष्ट्र क्राईम्स आपके सामने उजागर कर रहा है. सन 1993 में नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय की हद मे तलोजा पोलिस थाणे मे दिनांक 23-09-1993 को भारतीय दंड विधान की धारा 304 अ के तहत गुन्हा रजिस्टर नंबर 72/1993 बामर लॉरी इस केंद्र सरकार के अधीन कंपनी के पदाधिकारी श्री अंजन कुमार संतोष कुमार भट्टा के खिलाफ मामला दर्ज हुआ. लेकिन अंजनकुमार भट्टा न्यायिक जाँच के लिए हाजीर नही होने और उनका मूलनिवासी पत्ते की जानकारी नही होने की वजह से पनवेल न्यायालया ने सीआरपीसी कलम 254 के तहत कारवाई पर रोक लगा दी है.

इस मामले की विस्तृत रूप से जानकारी आपके सामने इसलिये पेश कर रहे है ताकी तलोजा पुलिस न्यायिक रूप से कैसे आपराधिक, मामलो की जांच करती है इसका पदार्फाश हो सके. पनवेल महानगर निगम की हद में तलोजा एमआयडीसी नामक औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है. इस औद्योगिक क्षेत्र मे केंद्र सरकार द्वारा संचालित बामर लॉरी अँड कंपनी है जिसका मुंबई में 5, जे. एन. हरेडिया मार्ग, बलार्ड इस्टेट, मुंबई -400001 में कार्यालय है. इस बामर अँड कंपनी



के तलोजा एमआयडीसी के सप्लरायजेशन प्लॉट मे दिनांक23-09-1993 को ट्रायल लेते समय गॅस लिकेज एक्सीडेंट मे कंपनी मे काम कर रहे मजदूर श्री हरिश्चंद्र तुकाराम ढाके की अकाल मृत्यू हो गई थी. इस अपघात मामले को तलोजा पुलिस स्टेशन मे दर्ज कराया गया इसका गुन्हा रजिस्ट्रेशन नंबर 72/93 भारतीय दंड विधान की धारा 304 अ है और पनवेल न्यायालय मे केस नंबर 1467/93 मे इसकी प्रोसिडिंग शुरु थी. इस दरम्यान आरोपी श्री अंजन कुमार संतोष कुमार भट्टा न्यायालय मे उपस्थित नही रहे तो माननीय न्यायालया ने श्री अंजन कुमार भट्टा के विरोध सन 2009 - 2010 के दरम्यान वारंट निकाला. लेकिन तळोजा पुलिस थाणे के तत्कालीन पुलिस निरीक्षक ने इस वारंट पर कोई भी अमल नही किया. तत्कालीन पुलिस निरीक्षक ने बामर लोरी अँड कंपनी के अधिकारी से सांठगांठ करके आरोपी श्री अंजन कुमार भट्टा का पता न्यायालय को पेश किया पत्ता 502 सरली क्वीन को-ऑपरेटिव्ह सोसायटी, सरली राजन रोड, बांद्रा मुंबई ऐसा दर्शाया गया. क्या पता सही है या गलत खोजने की कोशिश भी तलोजा पुलिस द्वारा नही की गई. तलोजा पुलिस थाणे के संबंधित अधिकारी श्री विजय रायमाने झुठे वक्तव्य करते हुए उस पर विश्वास दिखा रहे है. दर असल दिनांक 23-09-1993 के हादसे के बारे मे श्री विजय रायमाने की जबानी के अनुसार श्री रवि वर्मा प्रॉडक्शन मॅनेजर, श्री विजय दिनकर राव गुहे प्रोडक्शन ऑफिसर, श्री बिजू शाम सी.डी. शॉमयु सेफ्टी ऑफिसर, श्री राजीव दीनानाथ घोष प्रोजेक्ट ऑफिसर, श्री सुरेन्द्रनाथ अनादिचंद्र पॉल मेन्टेनन्स ऑफिसर, यह अधिकारी जिम्मेदार होते हुए भी आरोपी श्री अंजन कुमार संतोष कुमार भट्टा को जमानत और केस मे पंच साक्षी बनाये गये. बामर लॉरी अँड कंपनी आर्थिक ताकतवर होने की वजह से पुलिस को गलत जानकारी दे कर आरोपी श्री अंजन कुमार को बचाने की कोशिश कंपनी के प्रशासन ने की है और तलोजा पुलिस थाणे के जांच अधिकारी ने बिना जांच के अवैध रूप से कंपनी अधिकारी को बचाने की सफल कोशिश की. इस मामले की फिर से नये तरीके से किसी अच्छे चरित्र के अधिकारी द्वारा जांच होने की आवश्यकता है. यदि ऐसा नही हुआ तो भविष्य मे आर्थिक ताकद पर लोग ऐसे ही अवैध मार्ग से न्याय देवता की 24 वर्ष से की गई. दिशाभूल करने की कोशिश ना करे. इसलिये बामर अँड कंपनी का तत्कालीन और अभी का व्यवस्थापन एवम उनको गैरकानूनी मदत करने वाले तत्कालीन और अभी के भ्रष्ट पोलिस अधिकारी पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई होने की आवश्यकता है. 'महाराष्ट्र क्राईम्स' के पास इस मामले के सभी दस्तावेज मौजूद है. जरूरत पडने पर जांच एजन्सी को सौंपे जायेंगे.




Global fame awards
Venue - Radisson Blu hotel andheri west
1st March 2022

# सीबीडी पुलिस थाणे की ओर से मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा दिन

## 15 किलोमीटर सायकल रैली का किया आयोजन!






**दत्ता माने**


**नवी मुंबई :** दिनांक 4 मार्च 2022 को नवी मुंबई पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा दिन मनाया गया. राष्ट्रीय सुरक्षा दिन को सीबीडी पुलिस थाणे के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्री अनिल पाटील ने बडी कल्पकता से मनाया. सीबीडी पुलिस थाणे और डिकॅथलॉन के संयुक्त रूप से 15 किलोमीटर सायकल रॅली का आयोजन किया. इस रॅली की सुरुवात डिकॅथलॉन सीबीडी सेक्टर 15 से होकर सीबीडी पुलिस थाणे, गुरुद्वारा से खारघर के सेंट्रल पार्क से वापस सीबीडी पोलिस थाणे तक समाप्त हुई. इस रॅली का मुख्य उद्देश Use Halmet Save life, No Pollution Cycle Solution! था. इसी के साथ सीबीडी पुलिस थाणे के अधिकारी अंमलदार इत्यादी सभी का स्वास्थ्य बेहतर रहे एवं आपस मे एकता और समझदारी कायम रहे इस महान विचार से सीबीडी पुलिस थाणे के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्री अनिल पाटील ने इस रॅली का आयोजन, मार्गदर्शन व नेतृत्व किया.

रॅली यशस्वी होने के लिए पुलिस निरीक्षक (गुन्हे) श्री शत्रुघ्न माली, श्री उमेश गवली साहब, पुलिस निरीक्षक श्री नितीन राठोड इत्यादी अधिकारी और अंमलदार इन्होंने अपना सहयोग दिया. इस सायकल रॅली मे पुलिस का मनोबल बढाने हेतू आंतरराष्ट्रीय सायकल खिलाडी स्नेहल माली और मराठी सिनेतारका अलिय गिया ने हिस्सा लिया.

## चहल को नोटिस मामले में शिकायत दर्ज



**मुंबई :** बीएमसी स्थायी समिति अध्यक्ष यशवंत जाधव के घर पड़े आयकर छापे के बाद शुक्रवार को बीएमसी मुख्यालय में बीएमसी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल को आयकर की नोटिस दिए जाने की खबर आग की तरह फैल गई। मामले में झूठी खबर फैलाने को लेकर समित ठक्कर के खिलाफ आईपीसी की धारा 500 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर आयुक्त इकबालसिंह चहल की तरफ से सुनील सोनावणे ने की है। पिछले शनिवार को स्थायी समिति अधयक्ष यशवंत जाधव के घर आयकर विभाग ने छापा ड़ाला था। आयकर विभाग ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि यशवंत जाधव के घर से 330 करोड़ रुपए की अवैध कमाई का पता चला है।



## संपादकीय

# शांति की गुहार

यूक्रेन-रूस युद्ध विवाद देश के सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गया है, तो कोई आश्चर्य नहीं। मामले का संज्ञान लेते हुए प्रधान न्यायाधीश एनवी रमना ने यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को बचाने की याचिका पर सुनवाई की है और एक सोशल मीडिया पोस्ट का हवाला दिया है, जिसमें उनसे सवाल किया गया था कि युद्धग्रस्त देश से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए उन्होंने क्या कदम उठाए हैं? प्रधान न्यायाधीश का यह कहना दिलचस्प है कि इस मामले में वह क्या कर सकते हैं, क्या वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से युद्ध रोकने के लिए कह सकते हैं? मामला प्रधान न्यायाधीश के ऐसे प्रतिप्रश्न से कहीं अधिक गंभीर है। दरअसल, जब लोग निराश या परेशान होते हैं, तभी हर संभव दरवाजे पर दस्तक देते हैं।

दरअसल, 200 से अधिक छात्रों की ओर से यह याचिका दायर हुई है, जो यूक्रेन में फंसे हुए हैं। सर्वोच्च न्यायालय से गुहार लगाई गई है कि वह छात्रों को बचाए। याचिकाकर्ता के वकील ने यह बताया है कि बचाव की उड़ानें पोलैंड और हंगरी से संचालित की जा रही हैं, रोमानिया से नहीं। ऐसे में, छात्राओं सहित भारतीयों की एक बड़ी संख्या है, जो बिना किसी सुविधा के वहां फंसी हुई है। खास यह कि सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने वकील की दलीलों पर गौर किया और अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल को रोमानिया सीमा के पास फंसे छात्रों को सुरक्षित स्वदेश लाने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। भारत सरकार लगातार समय-समय पर निर्देश जारी कर रही है कि छात्र तत्काल सुरक्षित इलाकों की ओर निकल जाएं। इसमें कोई संदेह नहीं कि छात्रों की वापसी के अभियान में देरी हुई है। पहले छात्रों को अपने स्तर पर स्वदेश लौटने के लिए इशारा किया गया था और अब सरकार को छात्रों की वापसी के लिए गंगा अभियान छेड़ना पड़ा है। चूंकि भारतीय छात्र वहां बड़ी संख्या में हैं, इसलिए उन्हें लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी उड़ रही हैं। सरकार को इन चचाओं पर गंभीरता से गौर करना चाहिए, क्या ऐसे छात्र हैं, जो वहां से लौटना नहीं चाहते? जो छात्र वहां मर्जी से रह जाएंगे, उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी किस पर होगी?

## 100 पुलिसकर्मियों की सुरक्षा में

# दलित कांस्टेबल ने घोड़ी पर चढ़कर बारात निकाली

**भोपाल :** मध्यप्रदेश में अनुसूचित जाति जनजाति के खिलाफ अपराध थाम नहीं थम रहे. अकसर संगीनों के साये में सेहरा पहनाया जा रहा है. कुछ दिनों पहले सागर से ऐसा मामला आया था तो अब छतरपुर से. जिस शख्स को पुलिस की मौजूदगी में घोड़ी पर चढ़कर सेहरा पहनना पड़ा वो खुद पुलिसकर्मी है. उधर, दमोह में पिछड़े वर्ग के दूल्हे को अनुसूचित जाति की दुलहन लाना 7 साल बाद भी महंगा पड़ रहा है. बता दें कि संसद में पेश आंकड़े बताते हैं कि दलितों के प्रति अत्याचार के मामले में मध्यप्रदेश देश में चौथे नंबर पर है,जबकि आदिवासियों के प्रति अत्याचार के मामले में पहले नंबर पर. 10 फरवरी को पुलिस की मौजूदगी में छतरपुर के कुंडलया गांव में दयाचंद घोड़ी पर बैठे. दयाचंद वैसे खुद टीकमगढ़ कोतवाली में कांस्टेबल हैं. ये तस्वीरें दिखाकर प्रशासन ने अपनी पीठ थपथपाई. बस ये बात प्रशासन चतुराई के साथ छिपा गया कि बारात तो 9 फरवरी की थी और उस दिन गांव में ऊंची जाति के गुंडों ने कथित



तौर पर बारात को रोका, गालीगलौज की. कहते हैं अभी तो विभाग के लोग हैं, बाद के लिए आशंकित भी हैं. दूल्हा दयाचंद अहिरवार ने बताया, ह्वभीड़भाड़ थी. बच्चे आए बोले कि यहां से बारात को निकलने नहीं दिया. सवर्ण समाज के लोग हैं. अभी तो विभाग खड़ा है बाद में जाएंगे तो लेकिन थोड़ी पता चलेगा क्या हो रहा है क्या नहीं? राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा, ह्वविषय संज्ञान में आया. बारात नहीं रुकी, न रोकी गयी. शादी के पहले की रस्म थी, परसों की बात है, कल बारात धूमधाम से निकली है शादी सानंद संपन्न हो गई.

दमोह के पौड़ी गांव में तो पिछड़ी जाति के राजेश प्रजापति ने 2015 में अनुसूचित जाति की ज्योति से शादी की 7 साल से सामाजिक बहिष्कार झेल रहे हैं. पांच साल के बच्चे तक के साथ गांव के बच्चे खेलते नहीं है.समाज ने जो कहा इन्होंने पूरा किया. कहते हैं कि वापसी के लिये अब भी -2 लाख की पेनल्टी मांगी जा रही है. आखिरकार पुलिस से अब इंसाफ के लिये गुहार लगाई है. पत्नी ज्योति कहती हैं, ह्ववे ओबीसी में आते है हम एससी हैं. अठ्या में आते हैं, रिलेशन वाले सम्मान नहीं देते सब अपमानित करते है. छोटा बच्चा है उससे छुआछूत करते हैं. कहते हैं तुम्हारी मम्मी अलग समाज के हैं पिता अलग समाज से हैं.ह्न

पति राजेश प्रजापति कहते हैं, ह्वउन्होंने कहा भागवत कथा कर लो,वो हमने कर ली. इसके पहले पैसे मांगे थे वो दिए. फिर मांग रहे हैं कि 2 लाख दो तो समाज में लेंगे हमारे पास इतने पैसे नहीं हैं.ह्न एसपी दमोह डीआर तेनिवार कहते हैं, ह्वआवेदन संज्ञान में आया है तो हम परीक्षण करवा लेते हैं अगर नियम विरूद्ध कोई कार्रवाई समाज के लिये कर रहे हैं तो कार्रवाई करेंगे.ह्नकुछ दिनों पहले गुना में मोबाइल चोरी के शक में पीड़ित के सारे कपड़े उतारकर उसे पीटा गया, अब हेतराम गुर्जर और गोलू खान के मकान-दुकान को तोड़ दिया. कुछ दिनों पहले ही सागर के गनियारी गांव में अहिरवार जाति का दूल्हा पुलिस की मौजूदगी में घोड़ी पर तो चढ़ गया लेकिन गांव में वर्चस्व रखने वाले लोधियों को ये नागवार गुजरा. शाम को बारात गांव से चली गई तो उनके घर पर पथराव, गाड़ियों में तोड़-फोड़ हो गई. सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 2018 से 2020 के बीच अनुसूचित जाति के खिलाफ अपराध के 1,38,045 मामले दर्ज हुए। जिसमें यूपी,बिहार, राजस्थानके बाद 16952 मामलों के साथ मध्य प्रदेश चौथे नंबर पर रहाहालांकि 2020 में आदिवासियों के उत्पीड़न में 20 मामले बढ़े, 2401 मामलों के साथ मध्यप्रदेश पहले नंबर पर रहा.

# मुस्लिमों को टिकट नहीं देना मजबूरी है?

## अमित शाह बोले- 'राजनीतिक शिष्टाचार है'- प्रेस रिव्यू

बीजेपी और सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद नंबर दो की हैसियत के तौर पर देखे जाने वाले भारत के गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि बीजेपी का मुसलमानों से वही रिश्ता है, जो एक भारत के नागरिक से होना चाहिए. लेकिन बीजेपी ने उत्तर प्रदेश में किसी भी मुसलमान को टिकट क्यों नहीं दिया? इस सवाल पर अमित शाह ने कहा कि चुनाव में कौन वोट देता है, यह भी तो देखना पड़ता है. अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस ने भी इस इंटरव्यू के एक अंश को प्रमुखता से प्रकाशित किया है. क्या मुसलमानों को टिकट नहीं देना राजनीति मजबूरी है? इस पर अमित शाह ने कहा कि मजबूरी नहीं है बल्कि राजनीतिक शिष्टाचार है.

अमित शाह ने कहा, ''चुनाव जीतना निश्चित तौर से जरूरी है, लेकिन जीत के बाद भेदभाव का आरोप हो, तब पूछना चाहिए. सरकार संविधान के आधार पर चलती है और सरकार को जनता चुनती है. राजनीतिक प्रकृति तो इसी से जुड़ी है.''

कर्नाटक में हिजाब विवाद पर अमित शाह ने कहा, ''मेरा व्यक्तिगत मानना है कि स्कूल में सभी धर्म के स्टूडेंट्स को ड्रेस कोड को अपनाना चाहिए. मामला अभी अदालत में है और सुनवाई चल रही है. अदालत को जो फैसला आएगा, उसे मानना चाहिए. मेरी व्यक्तिगत राय तभी तक होती है, जब तक अदालत फैसला नहीं देती है. जब अदालत फैसला देगी तो सभी को स्वीकार करना होगा.''

क्या बहुजन समाज पार्टी अपनी प्रासंगिकता खो चुकी है? इस सवाल के जवाब में अमित शाह ने कहा, ''बीएसपी की प्रासंगिकता खत्म नहीं हुई है. बीएसपी को वोट मिलेगा.



सीटें कितनी मिलेंगी ये नहीं कह सकता. उनका जो जाटव वोट बैंक है, उनके साथ ही रहेगा. मुसलमान भी बड़ी संख्या में बीएसपी को वोट करेंगे.'' अमित शाह ने कहा कि ब्राह्मण वोट की बात करना मुद्दों से भटकाना है. गृह मंत्री ने ओवैसी के बारे में कहा कि उनको लेकर युवाओं में आकर्षण है. अमित शाह ने कहा कि ओवैसी पर यूपी में हमला कानून व्यवस्था की उपेक्षा नहीं है और अगर ऐसा होता को संदिग्धों को गिरफ़्तार नहीं किया जाता. योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के चुनाव को 80 फीसदी बनाम 20 फीसदी का कहा था. क्या उनके कहने का मतलब हिन्दू बनाम मुसलमान था? इस सवाल के जवाब में अमित शाह ने कहा, ''मुझे नहीं लगता है कि ऐसा है. कोई वोट प्रतिशत के हिसाब से उन्होंने कहा होगा. चुनाव में ध्रुवीकरण है लेकिन यह गरीबों का ध्रुवीकरण है.''

इंडियन एक्सप्रेस की एक खबर के अनुसार, बीजेपी विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा है कि जो हिन्दू उन्हें वोट नहीं देगा, उसकी नसों में मुस्लिम खून है. राघवेंद्र प्रताप सिंह के इस भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. डुमरियागंज के विधायक हिन्दू युवा वाहिनी के भी प्रभारी हैं. राघवेंद्र प्रताप सिंह ने इंडियन एक्सप्रेस से कहा है कि उन्होंने यह बयान पाँच दिन पहले दिया था लेकिन यह दूसरे संदर्भ में था. सिंह ने कहा कि उनका इरादा किसी को धमकाना नहीं था.

वीडियो में राघवेंद्र सिंह कह रहे हैं, ''आप बताइए कि क्या मुझे कोई मुसलमान वोट करेगा? अगर कोई हिन्दू दूसरे पक्ष को वोट करेगा तो उसकी नसों में मुस्लिम खून होगा. वे गद्दार हैं...इतने अत्याचारों के बावजूद अगर एक हिन्दू उस पक्ष में जाता है तो उसे सार्वजनिक तौर पर अपना चेहरा दिखाने का कोई हक नहीं है.'' हिन्दी अखबार दैनिक जागरण ने पहले पन्ने पर एक खबर लगाई है- अमित शाह ने पंजाब में नए गठबंधन के संकेत दिए. अखबार ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है, पंजाब में कम मतदान के कारण किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के अनुमानों के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में नए गठबंधन के संकेत दिए हैं.

एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में अमित शाह ने किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने की स्थिति में राष्ट्रपति शासन की संभावनाओं को खारिज कर दिया. कहा कि यह आँकड़ों की बात है और दो तीन पार्टियां मिलकर सरकार बना सकती हैं.



# एजाज लकड़ावाला के खिलाफ वसूली करने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया



**मुंबई:** जेल में बंद गैंगस्टर एजाज लकड़ावाला के खिलाफ शहर के एक होटल व्यवसायी से दो करोड़ रुपये की जबरन वसूली करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी, अधिकारी ने बताया कि होटल व्यवसायी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बृहस्पतिवार को लकड़ावाला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता वकोला का रहने वाला है । उसने आरोप लगाया है कि जून 2013 से 2017 के बीच उसे लकड़ावाला से कई बार धमकी मिली थी और इस दौरान दो करोड़ रुपये की मांग भी की गई थी।

उन्होंने बताया कि आरोपी ने वसूली की मांग पूरी नहीं होने पर शिकायतकर्ता को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी अधिकारी के अनुसार, होटल व्यवसायी ने उस समय लकड़ावाला और उसके साथियों के डर से शिकायत दर्ज नहीं कराई थी.उन्होंने बताया कि जांच के लिए मामला मुंबई अपराध शाखा की वसूली रोधी शाखा एईसी को स्थानांतरित कर दिया गया है।

अधिकारी के मुताबिक, जबरन वसूली के नए मामले की जांच के सिलसिले में अपराध शाखा लकड़ावाला को हिरासत में लेगी। उन्होंने बताया कि एईसी लकड़ावाला के खिलाफ जबरन वसूली के कई मामलों की जांच कर रही है। अधिकारी के अनुसार, मुंबई पुलिस ने इससे पहले दिसंबर 2021 में लकड़ावाला और उसके सहयोगी सलीम महाराज के खिलाफ पश्चिमी उपनगर के डीएन नगर में रहने वाले एक व्यवसायी से पांच करोड़ रुपये की मांग करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी।

# दहिसर में मामूली मारपीट पर पड़ोसी का काटा गला



**मुंबई :** दहिसर पुलिस ने 2 मार्च को एक अन्य व्यक्ति का गला काटने के बाद हत्या के प्रयास के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जब पीड़ित एक ऑटो रिक्शा के अंदर खाना खा रहा था पीड़ित, 26 वर्षीय महेंद्र बाबर, घायल हो गया और कांदिवली के एक नागरिक अस्पताल में भर्ती हो रहा है। पीड़िता के बयान के मुताबिक, 2 मार्च की रात करीब 11 बजे मजदूर बाबर एक स्थानीय फूड ज्वाइंट से रात का खाना लेकर आया था और दहिसर में अपनी चॉल के बाहर खड़े एक ऑटोरिक्शा के अंदर बैठा था. अचानक, बाबर के पड़ोसी, रिजवान शेख, जिसे आसपास के सभी लोगों से परेशानी थी, ने जानबूझकर शिकायतकर्ता की प्लेट को धक्का दिया, जिसके बाद खाना जमीन पर गिर गया। बाबर ने शेख को रोका और उससे इस काम के लिए पूछताछ की, जिसके बाद आरोपी ने पीड़ित को गालियां दीं और बाद में उस पर धारदार हथियार से हमला कर उसका गला काट दिया। हमले के तुरंत बाद, बाबर को बहुत खून बहने लगा और शेख मौके से फरार हो गया। घटना को देखने वाले स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया और बाबर को अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। इसके बाद, शेख के खिलाफ हत्या के प्रयास और जानबूझकर अपमान का मामला दर्ज किया गया था, जहां उस पर भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। बाद में उसे दहिसर से पकड़ लिया गया और गुरुवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। शेख को स्थानीय मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया और आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

# ठाणे में जिले लोगों ने 18 वर्षीय एक लड़के की पीटकर हत्या कर दी



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी कस्बे में अज्ञात लोगों ने 18 वर्षीय एक लड़के की पीट-पीटकर हत्या कर दी।

पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात को हुई इस घटना को लेकर भोईवाड़ा थाने में आईपीसी की धारा 302 हत्या के तहत मामला दर्ज किया गया है. उन्होंने बताया कि अशोक नगर निवासी गुरान अजहर शेख को अज्ञात आरोपी कथित तौर पर सुनसान जगह पर ले गए और वहां उसकी हत्या कर दी। अधिकारी ने कहा कि शेख का शव मिला था और उसका सिर बुरी तरह से कुचला गया था। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

## ममता बनर्जी ने यूक्रेन में फंसे छात्रों को वापस लाने में केंद्र की भूमिका पर उठाया सवाल



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को युद्ध प्रभावित यूक्रेन में फंसे छात्रों को वापस लाने में केंद्र की भूमिका पर सवाल उठाया और उनकी स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने यूक्रेन से छात्रों को वापस लाने में केंद्र की ओर से देरी किये जाने का आरोप लगाया और आग्रह किया कि इस उद्देश्य के लिए पर्याप्त संख्या में उड़ानों की व्यवस्था की जाए। बनर्जी ने ट्वीट किया, ''मैं यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों के जीवन को लेकर बहुत चिंतित हूं। जीवन बहुत कीमती है। उन्हें वापस लाने में इतना समय क्यों लग रहा है? पहले कदम क्यों नहीं उठाए गए?'' उन्होंने कहा, ''मैं केंद्र सरकार से आग्रह करती हूं कि तत्काल पर्याप्त संख्या में उड़ानों की व्यवस्था की जाए और सभी छात्रों को जल्द से जल्द वापस लाया जाए।

विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने बृहस्पतिवार को कहा था कि यूक्रेन में लगभग 20,000 भारतीय हैं और उनमें से लगभग 4,000 पिछले कुछ दिन में भारत लौट आए हैं। यूक्रेन में राजधानी कीव सहित विभिन्न हिस्सों में गोलीबारी, बमबारी और मिसाइल हमलों का सिलसिला जारी है।

# मुंबई में एक महिला ने पुलिस पर लगाया झूठी FIR दर्ज करने का आरोप

## मंत्रालय के बाहर की आत्मदाह की कोशिश



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई में एक महिला ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर (FIR) को रद्द करने की मांग को लेकर मंत्रालय के बाहर आत्मदाह की कोशिश की. घटना गुरुवार शाम की है. जानकारी के मुताबिक, महिला मंत्रालय के बाहर मिट्टी का तेल लेकर पहुंची थी. वहां पहुंचकर महिला ने कहा कि पुलिस ने उसे एक झूठे केस में फंसाया है. विखरोली पार्कसिटी की रहने वाली 60 वर्षीय महिला ने कहा कि वह निर्दोष है और उसके खिलाफ की दर्ज गई FIR रद्द होनी चाहिए. महिला ने गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे खुद पर मिट्टी का तेल छिड़का और आग लगाने की कोशिश की. लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे बचा लिया और हिरासत में ले लिया. इसके बाद महिला को मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 309 के तहत आत्महत्या के प्रयास की FIR दर्ज की गई. इससे पहले भी पिछले साल नवंबर महीने में मुंबई मंत्रालय के ही बाहर एक महिला ने खुदकुशी की कोशिश की थी. उसने आरोप लगाया कि पुणे जिले के दौंड के पुलिस उपाधीक्षक ने उसके साथ दुष्कर्म किया. वह मुंबई आई और मंत्रालय परिसर में आत्महत्या करने की कोशिश की क्योंकि उसे इस मामले में न्याय नहीं मिल रहा था. आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला को पुलिस ने फौरन हिरासत में ले लिया. महिला का कहना था कि पुलिस अधिकारी के खिलाफ शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई. बल्कि पुलिस ने महिला को आरोपित किया. महिला ने बार-बार वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से शिकायत की. लेकिन उसे न्याय नहीं मिला जिसके कारण उसने आत्महत्या की कोशिश की.

# उच्च न्यायालय ने रश्मि शुक्ला के खिलाफ 25 मार्च तक कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया



**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने कथित फोन टैपिंग मामले में पुणे पुलिस को भारतीय पुलिस सेवा आईपीएस की अधिकारी रश्मि शुक्ला के खिलाफ 25 मार्च तक कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति एस.एस. शिंदे और न्यायमूर्ति नितिन बोरकर की पीठ ने कहा कि शुक्ला को अगले आदेश तक गिरफ्तारी से संरक्षण दिया जाना चाहिए, क्योंकि प्रथम द्दष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि पिछले सप्ताह पुणे के बंड गार्डन थाने में दर्ज मामले में केवल उन्हें 'निशाना' बनाया गया।

पीठ ने अपने आदेश में यह भी कहा कि उक्त प्राथमिकी शुक्ला के खिलाफ काफी विलंब के बाद दर्ज की गई है। अदालत ने शुक्ला के वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी के इस तर्क का संज्ञान लिया कि अवैध फोन टैपिंग की कथित घटना तीन साल पहले हुई थी, लेकिन पुणे पुलिस की प्राथमिकी इस साल 25 फरवरी को केवल शुक्ला के खिलाफ दर्ज की गई। जेठमलानी ने कहा कि एक ओर जहां महाराष्ट्र पुलिस के कई अन्य अधिकारी कुछ फोन नंबरों को निगरानी में रखने की मंजूरी प्राप्त करने में शामिल थे, वहीं दूसरी ओर प्राथमिकी केवल शुक्ला के खिलाफ दर्ज की गई।



# मनपा में अब पांच बजे तक कर सकेंगे अपनी शिकायत...




**मुंबई :** मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने प्रशासक नियुक्त होने से पहले ही मुंबईकरों की समस्याओं का समाधान करने की पहल शुरू कर दी है। मंगलवार से अब मनपा आयुक्त प्रशासक के रूप में मुंबई की जनता का काम काज देखंगे। मनपा आयुक्त ने मनपा अब लोग के पत्र व्यवहार का समय बढाकर 5 बजे तक कर दिया है। मनपा आयुक्त ने इस तरह का निर्देश मनपा मुख्यालय सहित वार्ड ऑफिस को दिया है।

मुंबई मनपा के सभी विभागों में पत्र स्वीकार करने का समय अब 5 बजे तक किया गया हैं। पहले यही समय शाम 4.30 बजे था। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने आयुक्त इकबाल सिंह चहल से समय बढ़ाने की मांग की थी। पत्र में उल्लेख किया गया था कि पत्र प्राप्त करने का समय मनपा मुख्यालय और अन्य विभागों में बढ़ाया जाए।मुंबई मनपा में अब सोमवार से शुक्रवार तक कार्यालय का काम करता है। चूंकि शनिवार को छुट्टी है, इसलिए कार्यालय का समय अब शाम 6 बजे निर्धारित किया गया है। लेकिन पत्र स्वीकार करने का समय शाम साढ़े चार बजे तक है और इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है. यदि पत्र स्वीकार करने का समय शाम 6 बजे तक निर्धारित किया जाता है तो इससे नागरिकों की असुविधा और हताशा कम होगी।संध्या व्हटकर, मुख्य कर्मचारी अधिकारी, सामान्य प्रशासन विभाग, मनपा ने अनिल गलगली को सूचित किया कि मनपा के प्रशासनिक कार्यालय के आने वाले आउटगोइंग सब-डिवीजन में नागरिकों से प्राप्त पत्र, शिकायत, आवेदन आदि शाम 5 बजे तक स्वीकार किए जाने चाहिए। सभी विभागाध्यक्षों/सहायक आयुक्तों को कार्यालय के सामने ऐसे पैनल लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वे नागरिकों द्वारा स्पष्ट रूप से देखे जा सकें। बता दे कि पिछले शनिवार को स्थाई समिति अधयक्ष यशवंत जाधव के घर आईआईटी की रेड पड़ी थी।आईआईटी विभाग ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा जनाकारी दी कि यशवंत जाधव के घर 330 करोड़ रूपए की गैरव्यव्हार किए जाने की दी जिसमे 130 करोड़ का गैरव्यव्हार सीधे यशवंत जाधव से सम्बंधित है जबकि 200 करोड़ का गैरव्यव्हार मनपा के ठेकेदारों पर की गई छापे मारी में सामने आई। आईआईटी की प्रेस विज्ञप्ति आने के बाद ही भाजपा नेता किरीट सोमैया ने एक ट्वीट कर मनपा के 3 बड़े अधिकारी और शिवसेना के 5 बड़े नेता को इस पूरे घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया। इस बीच शुक्रवार की शाम होते होते मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल को आईआईटी की नोटिस आने की दिए जाने की जानकारी मनपा गलियारों में आग की तरह फैल गई।मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल लगभग 6 बजे अपने कार्यालय से घर के लिए निकल गए।मनपा आयुक्त से नोटिस को लेकर जनाकारी मांगे जाने पर उन्होने किसी प्रकार की नोटिस मिलने से इनकार किया।

### मनपा आयुक्त ने आईआईटी की नोटिस आने से किया इंकार

मनपा स्थाई समिति अध्यक्ष यशवंत जाधव के घर पड़ी आईआईटी के रेड के बाद शुक्रवार को मनपा मुख्यालय में मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल को आईआईटी की नोटिस दिए जाने की खबर आग की तरह फैली। लेकिन मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने इस तरह की कोई भी नोटिस मिलने से इनकार किया है।

# बॉम्बे HC ने बीजेपी विधायक की PIL पर सुनवाई से पूर्व रखी शर्त, पहले 10 लाख जमा कराएं...!



**मुंबई :** बीजेपी विधायक गिरीश महाजन को राज्य विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव से संबंधित नियमों में महाराष्ट्र सरकार द्वारा किए गए संशोधनों को चुनौती देने वाली उनकी जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए अपनी रजिस्ट्री के साथ 10 लाख रुपये जमा करने का आदेश दिया. हाईकोर्ट ने कहा कि उसे महाजन की वास्तविकता पर ह्यसंदिग्धह्न है क्योंकि उन्होंने 11 वें घंटे में उससे संपर्क किया था.

**महाजन की याचिका में राज्य सरकार के फैसले को चुनौती दी गई है**

बता दें कि मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मकरंद कार्णिक की पीठ महाजन द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें महाराष्ट्र विधानसभा (एमएलए) रूल्स के नियम 6 और नियम 7 को बदलने के राज्य के फैसले को चुनौती दी गई थी. ये नियम सदन के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के चुनाव से संबंधित हैं.

**महाजन ने हाईकोर्ट बेंच से राज्य की अधिसूचना को रद्द करने का आग्रह किया**

गौरतलब है कि दिसंबर 2021 में जारी राज्य की अधिसूचना के अनुसार, राज्य ने ह्यगुप्त मतदानह्न प्रक्रिया को ह्यवॉयस वोटह्न से बदल दिया गया है. इसने डिप्टी स्पीकर के चुनाव की प्रक्रिया को भी हटा दिया है और अब एक को ह्यचयनह्न करने का फैसला किया है. इसके अलावा, राज्यपाल की शक्तियों को चुनाव की तारीख को अधिसूचित करने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है और अब मुख्यमंत्री को इन शक्तियों के साथ अधिकार दिया गया है.

## मुंबई से जुड़ेगा भायंदर:

# प्रति किलोमीटर 400 करोड़ रुपये होगा खर्च

भाइंदर को मुंबई से जोड़ने के लिए पश्चिम एक्सप्रेस हाइवे पर होने वाले तरफीक समस्या को दूर करने के लिए लिंक रोड को अच्छी सड़क बनाकर लोगो को अतिरिक्त सुविधा देने का निर्णय पर्यारवण मंत्री आदित्य ठाकरे ने लिया था जिसके तहत लिंक रोड का विकास कार्य किया जा रहा है। इस 6 किमी दूरी पर चकाचक सड़क बंनाने के लिए 2400 करोड़ खर्च किया जा रहा है।



**मुंबई :** इस 6 किमी की दूरी में मुंबई मनपा के पास लगभग डेढ़ किमी का रास्ता होगा। उल्लेखनीय है की जनवरी 2022 में आदित्य ठाकरे ने स्वयं दहिसर चेक नाका जाकर स्थिति का जायजा लिया था। उन्होंने उस दौरान मनपा, मीरा-भायंदर महानगर पालिका , एमएमआरडीए और एमएसआरडीसी के अधिकारियों के साथ समस्या के समाधान पर विचार-विमर्श किया था। उस समय 6 किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 1500 करोड़ रुपए पर आंकी गई थी। जो अब टेंडर में 2400 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। लगभग 6 किमी लंबे इस प्रोजेक्ट के लिए मनपा ने 2400 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया है। जिसके अनुसार 1 किलोमीटर लिंक रोड के निर्माण पर मनपा 400 करोड़ रुपए खर्च करेगी । मनपा को उम्मीद है कि जून तक टेंडर को मंजूरी मिल जाएगी और अक्टूबर 2022 से प्रोजेक्ट का काम शुरू हो जाएगा। दहिसर चेक नाके पर ट्रैफिक समस्या से जूझ रहे यात्रियों को इस प्रोजेक्ट के तैयार होने से काफी राहत मिलेगी। साथ ही मुंबई और मीरा-भायंदर के बीच कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी। यह लिंक रोड मैंग्रोव और साल्ट पेन रोड से होकर गुजरेगा। मनपा ने रोड निर्माण के लिए अन्य प्राधिकरणों से मंजूरी लेने की प्रक्रिया शुरू की है। 6 किमी लंबे इस लिंक रोड का निर्माण सड़क और एलिवेटेड ब्रिज दोनों के रूप में किया जाएगा। इस सड़क की चौड़ाई लगभग 45 मीटर चौड़ी होगी। यह रोड डेढ़ किलोमीटर तक मनपा के क्षेत्र में आएगा बाकी 4. 5 किमोलीटर का क्षेत्र मीरा-भायंदर कार्पोरेशन के अधिकार क्षेत्र में आएगा। मनपा का कहना है कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद मीरा-भायंदर क्षेत्र में रोड निर्माण पर खर्च की गई राशि की प्रतिपूर्ति एमएमआरडीए द्वारा मनपा को की जाएगी। मनपा का मानना है कि इस रोड के बनने से वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे पर ट्रैफिक का भार काफी कम होगा। अभी दहिसर से भायंदर तक जाने के लिए कोई सीधी सड़क नहीं थी लोग 10 किलोमीटर घूम कर जाते थे।

# BMC का ऐलान चुनावों से पहले हर वार्ड के लिए जारी होगा हेल्पलाइन नंबर

**मुंबई:** बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) नागरिकों को नागरिक शिकायतों को दर्ज करने और उनके स्थानीय मुद्दों को कुशलतापूर्वक हल करने में मदद करने के लिए वार्ड-वार हेल्पलाइन नंबर शुरू कर रहा है. निर्वाचित नगरसेवकों का वर्तमान कार्यकाल 7 मार्च को समाप्त होने के बाद 24 वार्डों में से प्रत्येक के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाएंगे. बीएमसी के एक अधिकारी ने कहा, ह्लोग कॉल कर सकते हैं और अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं. इसके अलावा, मौजूदा हेल्पलाइन नंबर 1916 का




इस्तेमाल नागरिक शिकायतों के लिए किया जा सकता है, ' अधिकारी ने कहा, ''आमतौर पर, नागरिक मुद्दों पर मदद के लिए अपने स्थानीय नगरसेवकों से संपर्क करेंगे. स्थानीय नगरसेवक बीएमसी प्रशासन और नागरिकों के बीच संपर्क बिंदु के रूप में काम करते हैं. वे अपशिष्ट प्रबंधन, सीवेज, जल आपूर्ति और अतिक्रमण जैसे मुद्दों को हल करने में मदद करते हैं. हालांकि पार्षद अपनी शर्तें खत्म होने के बाद भी सक्रिय रहेंगे, हेल्पलाइन सीधे नागरिक मुद्दों को संबोधित करेगी.''

बीएमसी चुनाव अप्रैल के मध्य में होने की उम्मीद है. वार्ड की सीमाओं को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, क्योंकि हाल ही में ड्राफ्ट वार्ड सीमाओं पर जनसुनवाई संपन्न हुई है. बीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पार्षदों का कार्यकाल 7 मार्च को समाप्त हो जाएगा और वे अब नगर निगम के ट्रस्टी के रूप में काम नहीं करेंगे.

# ओबीसी आरक्षण के संबंध में विधेयक लाएगी सरकार

**मुंबई :** ओबीसी आरक्षण को लेकर राज्य में गरमाई सियासत के बीच सरकार ने आरक्षण पर विधेयक लाने की घोषणा की है। शुक्रवार को इस संबंध में उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने विधानपरिषद में निवेदन दिया। पवार ने कहा कि मध्य -प्रदेश की तर्ज पर राज्य में ओबीसी आरक्षण के लिए विधेयक लाया जाएगा। सरकार ने इस संबंध में मध्य-प्रदेश से जानकारी मंगवाई है 7 मार्च सोमवार को विधानमंडल के दोनों सदन में आरक्षण के संबंध में सरकार विधेयक पेश करेगी। अजित पवार सदन को आश्वस्त करते कहा कि ओबीसी आरक्षण के बिना राज्य में कोई चुनाव नहीं कराया जाएगा।इस संबंध में गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक में निर्णय लिया गया है।अजित पवार ने कहा कि ओबीसी समाज को आरक्षण मिले इसको लेकर सरकार गंभीर है।उन्होंने कहा कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा की गई स्थानीय चुनाव की घोषणा कब कराया जाए यह आयोग का अधिकार है,परन्तु जब तक आरक्षण नहीं तब -तक चुनाव नहीं यह सरकार की भूमिका है।





# ओबीसी आरक्षण मुद्दे पर हंगामे के बीच महाराष्ट्र विधानसभा दो बार स्थगित...

**उच्चतम न्यायालय की ओर से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण मामले में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अंतरिम रिपोर्ट खारिज करने के मामले में महाराष्ट्र विधानसभा में शुक्रवार को सत्तारूढ़ दल के सदस्यों और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक-दूसरे को दोषी ठहराया।**

**मुंबई** : इस रिपोर्ट में सिफारिश की गई थी कि राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी समुदाय को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जा सकता है। विधानसभा में सदस्यों ने जोरदार नारेबाजी की जिसके कारण उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल को दो बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। एक बार 20 मिनट के लिए और फिर पूर्ण प्रश्नकाल तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी। निचले सदन में जैसे ही सदस्य एकत्र हुए, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने स्थगन नोटिस के माध्यम से मामले को उठाया।

उन्होंने इस मुद्दे पर सबसे पहले चर्चा कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक ओबीसी का राजनीतिक आरक्षण बहाल नहीं हो जाता, तब तक



राज्य में स्थानीय निकायों का चुनाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने आयोग की अंतरिम रिपोर्ट, जिसे शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया, को मजाक करार दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में राज्य के दो तिहाई स्थानीय निकायों में मतदान होना है और अगर स्थानीय निकाय चुनाव ओबीसी आरक्षण के बिना होते हैं तो समुदाय को कोई प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा। श्री फडनवीस ने कहा कि उच्चतम न्यायालय में जो हुआ वह महाराष्ट्र के लिए उचित नहीं था और उन्होंने मांग की कि राज्य एक कानून बनाए, जो उसे स्थानीय निकाय चुनावों की तारीखें तय करने की अनुमति देगा। महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री और प्रमुख ओबीसी नेता, छगन भुजबल ने स्वीकार किया कि रिपोर्ट में कुछ तकनीकी गलतियां हो सकती हैं क्योंकि इसे शीघ्र बनाया गया था। श्री भुजबल ने कहा कि श्री फडनवीस भी पांच वर्ष तक मुख्यमंत्री रहे लेकिन उन्होंने भी इस मामले में कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि न तो फडनवीस सरकार और न ही मोदी सरकार ने कोई कदम उठाया और अब आप वर्तमान सरकार पर आरोप लगा रहे हैं, उन्होंने श्री फडनवीस पर राजनीति करने का आरोप लगाया। श्री भुजबल के बयान के बाद, श्री जिरवाल ने कहा कि वह स्थगन नोटिस को खारिज कर रहे हैं और प्रश्नकाल के लिए बुलाया लेकिन भाजपा विधायकों ने नारेबाजी शुरू कर दी, जिसके बाद सदन की कार्यवाही 20 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

# हम सरकार से किसानों की मांगो को मनाकर रहेंगे – देवेंद्र फड़नवीस

## किसानों के विभिन्न मांगो को लेकर भाजपा किसान मोर्चा का आंदोलन

**मुंबई** : किसानों के बिजली बिल माफ किए जाएं, एफआरपी देने का फैसला दो चरणों में रद्द किया जाए और एकमुश्त एफआरपी दी जाए। गुरुवार से शुरू विधानमंडल का बजट सत्र के दूसरे दिन शुक्रवार को भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा ने अपने विभिन्न मांगो को लेकर मोर्चा निकाला था जिसमे बोलते हुए विपक्ष नेता देवेंद्र फड़नवीस ने यह बात कही.राज्य सरकार को किसान विरोधी बताते हुए विपक्ष नेता ने कहा कि किसानों से पैसा वसूलना शुरू कर दिया है. उपमुख्यमंत्री अजित



पवार ने विधानसभा में घोषणा की थी कि बिजली कनेक्शन नहीं काटे जाएंगे। हालांकि इस घोषणा के चलते हड़ताल के आधार पर किसानों से बिजली बिल वसूले जा रहे हैं. जब हमारी सरकार सत्ता में थी, बिजली के बिल समाप्त हो गए थे लेकिन किसानों के बिजली कनेक्शन नहीं काटे गए थे। लाखों रुपये का बिजली बिल भरने वाले अमीरों के बिजली कनेक्शन काटने की हिम्मत न करने वाली सरकार ने गरीब किसान विरोधी काम कर रही है. उन्होंने कहा कि किसानों की मांग को लेकर भाजपा का यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक गन्ने की एफआरपी दो किस्तों में देने का फैसला रद्द नहीं किया जाता और बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाता।


हम विधायिका में किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए सरकार को बाध्य करेंगे, प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि इस समय किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. लेकिन गठबंधन सरकार किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रही है. मुख्यमंत्री किसानों के नुकसान को देखने के लिए घर से बाहर नहीं निकलना चाहते। सत्ता में आने से पहले किसानों से कई वादे करने वाली राकांपा, शिवसेना और कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद किसानों को मुश्किल में डाल दिया है.किसानों के साथ भाजपा पूरी ताकत के साथ खड़ी है।

# पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे ने 'अक्षय चैतन्य' कम्युनिटी किचन का किया उद्घाटन

**मुंबई।** मनपा स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अब अक्षय चैतन्य की बाल शिक्षा आहार योजना के अंतर्गत पौष्टिक भोजन मिलेगा। जिससे बच्चे पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। यह बातें राज्य के पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे ने कही। आदित्य ने शुक्रवार को भायखला में अक्षय चैतन्य संस्था द्वारा शुरू किए गए कम्युनिटी किचन का उद्घाटन किया। इसके जरिए मुंबई



में प्रतिदिन 25,000 जरूरतमंदों को मुफ्त पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर आदित्य ठाकरे ने कहा कि हम इसके जरिए भविष्य में बननेवाले नये स्कूलों में विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध हैं। इसको लागू करने में मनपा और महाराष्ट्र राज्य चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान निदेशालय (डीएमईआर) सहयोग कर रहें हैं। कम्युनिटी किचन उद्धघाटन के दौरान महापौर किशोरी पेडणेकर, विधायक यामिनी जाधव और मनपा अतिरिक्त आयुक्त सुरेश काकानी मौजूद थे। महापौर किशोरी पेडणेकर ने कहा कि लोगों की भूख मरनी चाहिए,







Naila Tours & Travels
Mohammad Rizwan Shaikh
8108682673
Abdul Rahim Shaikh
92245 65662
Shami Qureshi Chawl No.1, Room No.2, Group No.2
Hariyali Village, Near Fish Market, Vikhroli (E),
Mumbai-400083. Email : abdulrahim84@rediffmail.com

Abdul Rahim Shaikh
Abdul Rahman Shaikh
9224565662
9930908351
Naila Enterprises
Wholeseller Of
All Types Of Lighters & Pan Beedi Shop Products
Shami Qureshi Chawl No.1, Room No.2, Group No.2,
Hariyali Village, Near Fish Market, Vikhroli (E), Mumbai - 83
Email : abdulrahim84@rediffmail.com

# मो. महबूब जो स्नेहा को बचाने के लिए चलती ट्रेन के नीचे चले गए

**मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के 37 साल के मोहम्मद महबूब पेशे से कारपेंटर हैं और शहर के बरखेड़ी इलाके की एक दुकान पर काम करते हैं.**

लेकिन पिछले कुछ दिनों से उनकी ज़िंदगी बदल चुकी है. अब उनका कई जगहों पर सम्मान हो चुका है और उन्हें बधाई देने वाले लोग भी लगातार उनके घर पहुँच रहे हैं. महबूब ने पाँच फरवरी को अपने आप को खतरे में डाल कर रेलवे ट्रैक पर फंसी एक लड़की की जान बचाई है. लड़की रेलवे ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी को नीचे से पार कर रही थी कि तभी वो ट्रेन चल पड़ी.

लड़की ने मदद की गुहार लगाई और करीब में मौजूद महबूब फौरन ट्रेन के नीचे चले गए और उन्होंने लड़की को दबा कर रखा. इस बीच उनके ऊपर से मालगाड़ी के कई डिब्बे गुजर गए. ट्रेन के जाने के बाद महबूब और लड़की दोनों ही सही सलामत रहे. महबूब ने बताया, ''यह काम बस अल्लाह ने करवा दिया. जब लड़की ने मदद की गुहार लगाई थी तो मैं उससे करीब 30 फीट दूर था. उस वक़्त वहाँ पर करीब 30-40 लोग देख रहे थे, लेकिन मैंने महसूस किया कि उसकी मदद करनी चाहिए और वही मैंने किया.'' उनके मुताबिक, घटना पाँच फरवरी की है लेकिन उन्होंने बहुत कम लोगों को इसके बारे में बताया और वो खुद भी नहीं चाहते थे कि इसके बारे में किसी को पता चले. उनकी यह बहादुरी शायद लोगों को पता भी नहीं चलती अगर उनका वीडियो वायरल नहीं होता. वहाँ भीड़ में मौजूद किसी व्यक्ति ने उनका वीडियो बना कर 11 फरवरी को शेयर किया और वीडियो वायरल हो गया. उसके बाद से भोपाल शहर में महबूब लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए. हालांकि महबूब उस लड़की के बारे में ज्यादा कुछ नहीं जानते थे. उसे बचाने के बाद लड़की रोती हुई वहाँ मौजूद एक व्यक्ति के साथ चली गई. महबूब एक तीन साल की बेटी के पिता हैं. उनके साथ उनके माता-पिता भी रहते हैं. महबूब के मुताबिक, यह बात जब उन्होंने अपने माता-पिता और पत्नी को बताई तो उन्होंने कहा कि अच्छा काम किए. लेकिन जब शनिवार को महबूब ने वायरल हुआ वीडियो पत्नी को दिखाया तब उनकी पत्नी को महसूस हुआ कि



उन्होंने कितना बड़ा काम किया है. महबूब की पत्नी रूही अंसारी ने बताया, ''हमारे मजहब में है कि लोगों की मदद की जाए.'' महबूब ने उस दिन की घटना को याद करते हुए कहा, ''जब मैं पटरी पर लेटा था तो मैंने लड़की के सिर को अपने हाथ से दबा कर रखा था. वो इसलिए किया था कि वो घबराहट में सिर को उठाने की कोशिश कर रही थी. मुझे लगा कि कहीं वो अपना सिर न उठा ले.''

उठने के बाद लड़की वहाँ से अपने भाई के साथ चली गई. महबूब ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि उन्होंने मुश्किल में फंसी एक लड़की की मदद की अगर वो थोड़ी भी देर करते तो शायद उसकी जान जा सकती थी. उन्होंने कहा, ''मैंने उस वक़्त वही किया जो मेरे दिल ने कहा.'' महबूब उस वक़्त मस्जिद से ईशा (रात में होने वाली) की नमाज पढ़ कर लौट रहे थे और शहर के बरखेड़ी फाटक के पास पहुँचे थे तब यह घटना हुई. ट्रैक पर लेटे रहने के दौरान महबूब बस यही सोच रहे थे कि ट्रैन का कोई भी हिस्सा उनके या लड़की के सिर पर आकर न लगे. जिस लड़की को महबूब ने बचाया उसका नाम स्नेहा गौर है और वह भोपाल में एक निजी संस्थान में सेल्स का काम करती है. स्नेहा गौर हालांकि अभी तक महबूब से नहीं मिली हैं, लेकिन उन्होंने बताया कि महबूब ने ही उनकी जान बचाई.

स्नेहा गौर को लेने उनका भाई आया था जो ट्रैक की दूसरी तरफ खड़ा था. स्नेहा गौर का कहना है कि वो अपने भाई को बताना चाहती थीं कि वो सुरक्षित हैं, इसलिये वो अपना सिर उठा रही थीं. महबूब के पास अभी तक मोबाइल नहीं था, लेकिन शहर के कई स्थानीय संगठन महबूब का सम्मान कर रहे हैं. इन्हीं में से एक स्थानीय संस्था बीबीएम के संचालक शोएब हाशमी ने उनका सम्मान करके उन्हें मोबाइल फोन दिया है. शोएब हाशमी ने बताया, ''मोहम्मद महबूब को सम्मान मिलना ही चाहिए था. उन्होंने अपनी जान पर खेल कर दूसरे इंसान की जान बचाई. हालांकि वो खुद इस बात को किसी को बताना नहीं चाहते थे. लेकिन जब मीडिया और सोशल मीडिया में बात फैल गई तो वो फिर तैयार हो गए.'' वहीं स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने भी महबूब का सम्मान किया है. वहीं उस क्षेत्र में काम करने वाले जीशान कुरैशी भी उस समय वहाँ मौजूद थे. उन्होंने बताया, ''मैं सामने ही खड़ा था, मुझे बहुत हैरानी हुई कि उन्होंने इतना बड़ा खतरा कैसे मोल ले लिया. उनकी भी जान जा सकती थी.'' उन्होंने यह भी बताया, ''बहुत बड़ा काम किया. लड़की जब ट्रेन जाने के बाद उठी तो काफी घबराई हुई थी और वो रोते हुए सीधे वहां मौजूद किसी रिश्तेदार के साथ चली गई.'' जीशान ने बताया कि वहाँ बहुत से लोग मौजूद थे लेकिन किसी ने भी ऐसी हिम्मत नहीं दिखाई. शहर के भीड़ भरे इलाके में स्थित बरखेड़ी फाटक के पास कोई फुटओवर ब्रिज नहीं है. यहाँ पर पहले फाटक हुआ करता था, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि सात साल पहले उसे बंद कर दिया गया. अब छोटी-सी जगह है और क्षेत्र की लगभग दस हजार की आबादी इसी तरह से ट्रैक को रोज पार करती है. क्षेत्र के निवासी अलमास अली ने बताया, ''उस जगह पर तीसरी लाइन बनने की वजह से लगभग रोज ही मालगाड़ी वहाँ पर खड़ी होती है. वो भी कई बार आधा-आधा घंटे खड़ी रहती है. इस वजह से लोगों के लिए मजबूरी बन जाता है कि वो ट्रेन को इस तरह से पार करके दूसरी तरफ जाएं.'' वहीं दूसरी ओर जाने के लिए जो सड़क बनी है, वो बहुत दूर है, इसलिए लोग इस तरह का खतरा मोल लेते हैं. पहले भी इसी जगह पर कई हादसे हो चुके हैं. रेलवे पुलिस के मुताबिक, पिछले साल यहाँ पर 18 जानें गई थीं. लोगों ने फुटओवर ब्रिज की कई बार मांग की है, अब इस हादसे के बाद रेलवे ने फुटओवर ब्रिज की मंजूरी दे दी है. इसे बनने में डेढ़ से दो साल का समय लग सकता है.

# गुटखे से पकड़ाया आरोपी...!

## नालासोपारा स्टेशन पर महिला से की थी छेड़खानी

*वसई रेलवे पुलिस ने गुटखा खाते हुए देख महिला से छेड़खानी करनेवाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एस्केलेटर से जाते वक्त नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर महिला से छेड़खानी की। जिसके बाद आरोपी ने महिला की पिटाई भी की थी। लेकिन वह भागने में सफल रहा था। मामले में वसई जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया था। जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।*

**मुंबई** : पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम मोहम्मद शाहरुख बाबुनीसार खान (24) है। पुलिस को आरोपी सीसीटीवी में गुटखा खाते हुए दिखाई दिया। इसके



बाद पुलिस ने नालासोपारा के पान के दुकानों पर उसकी खोजबीन शुरू की तब आरोपी के बारे में चला और फिर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए करीब 50 पान के दुकान पर पूछताछ किया।

### महिला से मारपीट

पुलिस थाने में दी गई शिकायत के मुताबिक पुलिस ने स्टेशन पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरे तलाशना शुरू किया। महिला एस्केलेटर से जब ब्रिज पर जा रही थी तभी आरोपी ने उससे छेड़खानी की। इसपर महिला नेउसे एक झापड़ मारा तब आरोपी ने भी उसकी पिटाई की। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना केबाद आरोपी फरार हो गया।

### सीसीटीवी फुटेज का लिया सहारा

आरोपी को पकडनेके लिये पुलिस ने आरोपी कहाँ से आया और कहां गया इसकी जानकारी हांसिल करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस को आरोपी स्टेशन के मुख्य गेट पर गुटखा खाते हुए दिखाई दिया। वहीं से उसकी फोटो निकाली गई और फिर पान के दुकानों पर वह फोटो दिखाकर आरोपी के ठिकाने का पता चला। एक पानेवाले ने बताया कि आरोपी किसी मोबाइल के दुकान में काम करता है। लेकिन किस दुकान में काम करता है यह उसे पता नहीं था। पुलिस अब उसे ढूंढने के लिए मोबाइल के दुकानों में पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# सड़क दुर्घटना में चार की मौत, छह घायल

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में शुक्रवार सुबह





बड़ी दुर्घटना हुई है। यहां के मोरिसदा में एक ट्रक के साथ यात्रियों से भरी ऑटो की आमने सामने टक्कर हुई है। हादसे में ऑटो सवार चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि छह लोग घायल हुए हैं जिनकी हालत गंभीर बताई गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह 7:00 बजे 116 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यह दुर्घटना घटी है। कांथी से मेचेदा की ओर जा रहे ट्रक से ऑटो की आमने-सामने की टक्कर हुई है। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को निकालकर कांथी महकमा अस्पताल में भर्ती कराया है। खबर लिखे जाने तक मृतकों एवं घायलों की पहचान सामने नहीं आ सकी है। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम को घेर कर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ की।

## मुंबई जेल में पहुंचे सीबीआई अधिकारी

# अनिल देशमुख का बयान दर्ज करने



**मुंबई** : सीबीआई अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां आर्थर रोड जेल का दौरा किया और महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के सिलसिले में लगातार दूसरे दिन उनका बयान दर्ज किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जेल अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई ने बृहस्पतिवार की सुबह से देशमुख का बयान दर्ज करना शुरू किया था और यह प्रक्रिया शनिवार को भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा, 'मध्य मुंबई की ऑर्थर रोड जेल में, जहां देशमुख फिलहाल कैद हैं, सीबीआई का दल सुबह करीब साढ़े 10 बजे पहुंचा।'' उन्होंने बताया कि इस दौरान पूर्व मंत्री के वकील भी मौजूद थे। धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता देशमुख वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह ने आरोप लगाया था कि तत्कालीन गृह मंत्री देशमुख ने मुंबई के कुछ चुनिंदा पुलिस अधिकारियों को रेस्तरां और बार से प्रति माह 100 करोड़ रुपये वसूलने के लिए कहा था। देशमुख ने आरोपों से इनकार किया था हालांकि उन्हें अपना पद छोड़ना पड़ा था। सीबीआई ने शुरूआती जांच के बाद देशमुख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।



# शरीर के लिए फायदेमंद है अदरक



अमूमन घरों में जब भी चाय या सब्जी बनाई जाती है तो उसमें अदरक का प्रयोग अवश्य किया जाता है। इतना ही नहीं, कई तरह की शारीरिक समस्या होने पर अदरक का एक उपचार के रूप में भी इस्तेमाल होता है। औषधीय गुणों से युक्त अदरक के ऐसे कई फायदे होते हैं, जिसके बारे में आमतौर पर लोगों को पता ही नहीं होता। तो चलिए जानते हैं इन्हीं लाभों के बारे में-

**सर्दी-खांसी में फायदेमंद**

छोटे बच्चों को अक्सर सर्दी-खांसी की शिकायत रहती है। ऐसे में बच्चों को अगर अदरक के रस में शहद डालकर दिया जाए तो इससे उन्हें काफी लाभ होता है। दरअसल, अदरक में एंटीऑक्सीडेंट्स व एंटीइन्फ्लामेट्री गुण पाए जाते हैं जो हर तरह की एलर्जी व संक्रमण से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमका निभाते हैं।

**कैंसर से बचाव**

यह तो आप जानते ही हैं कि अदरक में एंटी-ऑक्सीडेंटस पाए जाते हैं लेकिन यही एंटी-ऑक्सीडेंटस आपके शरीर को कैंसर से लड़ने की क्षमता प्रदान करते हैं। अगर आप नियमित रूप से इसका सेवन करें तो इससे आपको ब्रेस्ट, स्किन, लंग्स और प्रोस्टेट कैंसर से आसानी से बचाव किया जा सकता है।

**महिलाओं के लिए विशेष उपयोगी**

महिलाओं को तो अदरक को अपनी डाइट में किसी न किसी रूप में अवश्य शामिल करना चाहिए। इसमें मौजूद एंटीइन्फ्लामेट्री गुण महिलाओं के विशेष रूप से लाभकारी माने जाते हैं। खासतौर से, पीरियड्स के दौरान तो इसका सेवन उन्हें दर्द व गैस्ट्रिक की समस्या से काफी राहत दिलाता है।

**नियंत्रित करे ब्लड प्रेशर**

शायद आपको जानकर हैरानी हो लेकिन अदरक की मदद से उच्च रक्तचाप की समस्या को काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है। इतना ही नहीं, अदरक हाई ब्लडप्रेशर और लो ब्लडप्रेशर दोनों ही रोगियों के लिए लाभदायक है। अगर अदरक के रस का सेवन किया जाए तो यह खून को पतला करने में मदद करता है, जिससे शरीर में रक्त का प्रवाह सही तरह से होता है और आपको ब्लड प्रेशर की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता।

**अस्थमा के मरीज अवश्य करें सेवन**

अस्थमा के मरीजों के लिए अदरक किसी वरदान से कम नहीं है। अगर आप अस्थमा के मरीज हैं तो अदरक के रस में शहद या मेथी का पाउडर हर रोज सुबह सेवन करें।

**पाचन में मददगार**

यदि अदरक को अपनी आहार का हिस्सा बनाया जाए तो इससे पेट की समस्याओं जैसे अपच, खट्टी डकार, कब्ज, गैस आदि में तो फायदा होता है ही, साथ ही यह पाचन तंत्र की कार्यप्रणाली को भी आसान बनाता है। दरअसल, अदरक भोजन में मौजूद प्रोटीन को तोड़ने में मदद करता है जिस वजह से व्यक्ति को पाचन संबंधी परेशानी नहीं होतीं।

## गले की खराश को दूर करने के लिए कुछ कारगर नुस्खे

**कारगर हैं गरारे :** गले में खराश को दूर करने का सबसे अच्छा उपाय है गरारे करना। वैसे तो लोग गर्म पानी से या फिर गर्म पानी में नमक डालकर गरारे करते हैं। इससे तो आपको लाभ होता है ही, लेकिन इसके अतिरिक्त भी आप गरारे कर सकते हैं। उदाहरण के तौर पर, आप एक गिलास पानी में मेथी उबालकर उसे हल्का ठंडा करें और जब वह गुनगुना हो तो उससे गरारे करें। यह गले की खराश को तो दूर करता है ही, साथ ही गले में होने वाले किसी भी संक्रमण को कम करने में मददगार है। ठीक इसी तरह आप तुलसी के पत्तों के पानी से भी गरारे कर सकते हैं। गले में खराश होने पर यह भी काफी लाभदायक साबित होता है।

**लाभदायक है अदरक :** अदरक का सेवन भी गले की खराश में काफी लाभदायी माना गया है। दरअसल, इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण आपके गले के इंफेक्शन को दूर करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसे आप कई तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं। मसलन, एक कप पानी में अदरक डाल कर उबालें। इसके बाद इसे हल्का गुनगुना करके इसमें शहद मिलाएं। इस चाय को दिन में दो से तीन बार पीएं। वहीं आप अदरक का पेस्ट बनाकर उसका सेवन भी कर सकते हैं। इसके लिए आप थोड़ी सी अदरक को पीस कर उसका रस निकालें और फिर उसमें शहद व चुटकी भर पिसी काली मिर्च मिला लें। अब इसका सेवन करें। यह गले में खराश को दूर करने की अचूक दवा हैं।

**चाय का कमाल :** वैसे तो लोग चाय को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानते हैं लेकिन यह चाय गले में खराश होने पर आपके लिए एक दवा की तरह काम करेगी। इस चाय को बनाने के लिए आप लौंग, तुलसी, अदरक और काली मिर्च को पानी में डालकर उबालें, इसके बाद इसमें चाय पत्ती डालकर चाय बनाएं। अगर आपको इस चाय का पूरा लाभ प्राप्त करना है तो आप इसमें गरमा-गरम ही पीएं।

## पॉपकॉर्न खाने के इतने फायदे पढ़ लेंगे तो इसे रोज खाएंगे

पॉपकॉर्न का नाम सुनते ही चेहरे पर एक मधुर मुस्कान छा जाती है। आपको चाहे फिल्म देखनी हो या क्रिकेट मैच, पॉपकॉर्न के बिना पूरा ही नहीं होता। इतना ही नहीं, हल्की ठंड में भी लोग धूप में बैठकर इसे खाना पसंद करते हैं। यह एक ऐसा स्नैक्स है जो बच्चों का तो फेवरिट होता है। लेकिन क्या आप जानते है कि सबका पसंदीदा यह पॉपकॉर्न वास्तव में सेहत के लिए बहुत ही लाभकारी होता है। नहीं न, तो चलिए हम आपको इससे मिलने वाले फायदों के बारे में बताते हैं-

**मिलते हैं ये पोषक तत्व:** पॉपकॉर्न खाने से आपको कई तरह के पोषक तत्व मिलते हैं। खासतौर से पॉपकॉर्न में फाइबर, प्रोटीन, पॉलीफिनोल कंपाउंड, एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन बी कॉम्पलेक्स, मैगनीज और मैग्नीशियम के गुण काफी मात्रा में होते हैं और इन सभी गुणों के कारण ही आपका शरीर स्वस्थ रहता है।

**कैंसर से बचाव :** शायद आपको जानकर हैरानी हो लेकिन यदि इसका सेवन किया जाए तो कैंसर से काफी हद तक बचाव होता है। दरअसल, पॉपकॉर्न में पॉली फेनोलिक यौगिक नामक एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। यह एंटीआक्सीडेंट इतने शक्तिशाली होते है कि इनकी मदद से शरीर को कैंसर पैदा करने वाले फ्री रैडिकल्स से मुक्ति मिलती है।

**कम करे कोलेस्ट्रॉल :** आजकल लोगों का जिस प्रकार का खानपान है, उसे देखते हुए अधिकतर लोगों को कोलेस्ट्रॉल की समस्या रहती है। कोलेस्ट्रॉल की अधिकता से आपको हार्ट अटैक होने का खतरा भी रहता है। लेकिन पॉपकॉर्न इसे नियंत्रित करने का काम भी करता है और ऐसा इसमें उच्च मात्रा में मौजूद फाइबर के कारण होता है।

**पाचन तंत्र करे मजबूत :** बहुत से लोग इस बात से अनजान हैं कि पॉपकॉर्न का सेवन करने से पाचन तंत्र भी मजबूत होता है। इतना ही नहीं, यह आपको पेट संबंधी परेशानियों जैसे कब्ज और एसिडिटी की समस्या से राहत दिलाने में मददगार होता है।

**नियंत्रित करे ब्लड शुगर:** जो लोग मधुमेह संबंधी समस्या से पीड़ित हैं, उनके लिए भी पॉपकॉर्न काफी फायदेमंद होता है। यह तो आप जानते ही हैं कि पॉपकॉर्न में पर्याप्त मात्रा में फाइबर पाया जाता है लेकिन शायद आपको इस बात की जानकारी न हो कि इस फाइबर के कारण ही रक्त में शर्करा और इंसुलिन के स्तर को नियंत्रित करता है। ऐसे में अपने रक्त में शुगर की मात्रा को नियंत्रित करने के लिए आप पॉपकॉर्न का सेवन करें।



## आपके शरीर में विटामिन सी की कमी को पूरा कर देंगे ये आहार

यह तो हम सभी जानते हैं कि शरीर के सही तरह से कार्य करने के लिए विटामिन्स का एक अहम स्थान होता है। अगर बात विटामिन सी की हो तो यह न सिर्फ आपकी हड्डियों के लिए आवश्यक होता है बल्कि यह आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए भी फायदेमंद होता है। इतना ही नहीं, यह हृदय रोग से लेकर कैंसर व अस्थमा जैसी बीमारियों के लिए भी आवश्यक माना जाता है। तो चलिए जानते हैं किन आहार से मिलता है आपको विटामिन सी-

**खट्टे आहार**

खट्टे आहार जैसे नींबू, संतरा और आंवला आदि कुछ ऐसे आहार हैं, जिन में विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए इन्हें किसी न किसी रूप में आपको अपने आहार में अवश्य शामिल करना चाहिए।

**अंगूर**

बहुत कम लोग इस बारे में जानते हैं कि अंगूर में भी विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। वैसे इसमें विटामिन सी के अतिरिक्त फाइबर, विटामिन ई और के की प्रचुरता होती है। अगर इसे भोजन में शामिल किया जाए तो यह टीबी, कैंसर और रक्त विकार में काफी राहत पहुंचाता है।

**पालक**

पालक में आयरन तो प्रचुर मात्रा में होता है ही, साथ ही इसमें विटामिन सी भी मौजूद होता है। वैसे इसमें आपको आयरन व विटामिन सी के अतिरिक्त विटामिन ए, फोलिक एसिड, मैग्नीशियम और बीटा कैरोटिन आदि भी पाया जाता है। कैंसर, आर्थराइटिस और ओस्टियोपोरोसिस के रोगियों को इसका सेवन करने की विशेष रूप से सलाह दी जाती है।

**हरी मिर्च**

आपको शायद जानकर हैरानी हो लेकिन हरी मिर्च में भी काफी मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है। महज 100 ग्राम हरी मिर्च से आपको करीबन 242 एमजी विटामिन सी प्राप्त होता है। इतना ही नहीं, अगर आप एक हरी मिर्च का भी सेवन करते हैं तो इससे आपको 109 एमजी विटामिन सी प्राप्त होगा।

**मुनक्का**

पालक की तरह ही मुनक्?के में भी विटामिन सी की काफी अधिकता होती है। मुनक्के का सेवन न सिर्फ आपको पोषक तत्व प्रदान करता है, बल्कि यह मिनरल के अवशोषण में भी मदद



करता है। जिससे आपको मिलने वाला पोषण सही तरह से अवशोषित होकर आपको लाभ पहुंचाता है।

**पीली शिमला मिर्च**

पीली शिमला मिर्च में विटामिन सी की उच्च मात्रा पाई जाती है। अगर आप महज एक बड़ी पीली शिमला मिर्च को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएंगे तो इससे आपको करीबन 341 एमजी विटामिन सी प्राप्त होगा। तो देर किस बात की, आज ही मार्केट जाइए और लाइए यह पीली शिमला मिर्च।

महाराष्ट्र क्राईम्स
मुंबई, 05 मार्च 2022



# ठाणे मै देह व्यापार का रैकेट भंडाफोड़!

## धंधा चलाने के आरोप में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने एक महिला को किया गिरफ्तार



**मुंबई :** ठाणे क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने 35 साल की एक महिला को देह व्यापार का धंधा चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एएचटीसी ने दो महिलाओं को भी छुड़ाया, जिन्हें देह व्यापार में धकेला गया था। एएचटीसी अधिकारियों को सूचना मिली कि कुछ पीड़ितों को कोरम मॉल के पास सौदे के लिए लाया जा रहा है। 4 मार्च की दोपहर क्राइम ब्रांच ने वर्तक नगर में मॉल के पास सर्विस रोड पर जाल बिछाया. गिरफ्तार महिला व्हाट्सएप के जरिए संभावित ग्राहकों के साथ तस्वीरें साझा कर रही थी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ह्लग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार, वह सौदों के लिए महिलाओं को दिए गए स्थान पर लाती थी। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी ने एक ग्राहक से 20 हजार रुपये लिए। कमीशन रखते हुए वह तब पीड़ितों को भुगतान करती थी जिन्हें अब पुनर्वास केंद्रों में भेज दिया गया है।

# एसटी कर्मचारियों को झटका!

## राज्य सरकार में विलय नहीं, 10 मार्च तक काम पर लौटो नहीं तो एक्शन

*राज्य सरकार की सेवा में समाहित करने की मांग को लेकर हड़ताल पर गए एसटी कर्मचारियों को झटका लगा है। एसटी कर्मचारियों के मुद्दे का हल करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्सीय समिति ने एसटी कर्मचारियों को राज्य सरकार की सेवा में शामिल किए जाने से स्पष्ट रुप से इनकार कर दिया है। शुक्रवार को परिवहन मंत्री अनिल परब ने समिति की दोनों रिपोर्ट विधानमंडल के दोनों सदनों के पटल पर रखा।*

**मुंबई :** समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सड़क परिवहन कानून 1950 के अनुसार, एसटी कर्मचारियों को राज्य सरकार की सेवा में शामिल करना कानूनी रुप से संभव नहीं है। एसटी महामंडल का राज्य सरकार में पूरी तरह से विलीन कर सभी कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारी समझने और महामंडल के यात्री परिवहन का व्यवसाय सरकार के विभाग की तरफ से किए जाने की मांग भी कानूनी प्रावधानों के अनुसार विचार करने योग्य नहीं है।

### एसटी महामंडल कर्मचरियों की तीन प्रमुख मांग

परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में गठित कृति समिति के समक्ष राज्य सरकार के कर्मचारियों की तरह महंगाई भत्ता 12 प्रतिशत से बढ़ा कर 28 फीसदी करने, शहरों के वर्गीकरण के अनुसार हाउसिंग एलाउंस को क्रमशः 8,16 और 24 प्रतिशत देने वेतन वृद्धि 2 प्रतिशत से बढ़ा कर 3 प्रतिशत करने की प्रमुख मांग रखी थी। इन मांगों को पहले ही मंजूर किया जा चुका है। इससे एसटी महामंडल पर प्रति माह 360 करोड़ रुपए का भार पहले ही बढ़ चुका है। महामंडल की वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए कर्मचारियों को समय पर वेतन देने के लिए लगातार चार वर्ष बजट में निधि उपलब्ध कराने की शिफारिश की है।

### 10 मार्च तक काम पर लौटो नहीं तो एक्शन



उधर, महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री अनिल परब ने महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन महामंडल (एसटी) के हड़ताली कर्मचारियों को 10 मार्च तक काम पर लौट आने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि अगर ऐसा नहीं होता है सरकार के सामने सभी विकल्प खुले हैं। उन्होंने कहा कि तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि एसटी निगम का राज्य सरकार में विलय नहीं किया जा सकता है। राज्य सरकार ने कोर्ट को रिपोर्ट सौंप दी है। वहीं शुक्रवार को यह रिपोर्ट विधानमंडल के दोनों सदनों में पेश की गई। परब ने कहा कि वर्तमान में 52,000 कर्मचारी काम नहीं कर रहे हैं। इसमें से 30 हजार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। कुछ को सस्पेंड कर दिया गया है तो कुछ को नोटिस जारी किया गया है।

### मूल वेतन बढ़ाने की शिफारिश

समिति ने एसटी में 10 वर्ष सेवा पूरा करने वाले कर्मचारियों के मूल वेतन में 5000 रुपए, 20 वर्ष तक सेवा करने वालों के मूल वेतन में 4000 रुपए और 20 वर्ष से अधिक सेवा देने वाले कर्मचारियों के मूल वेतन में 2500 रुपए वृद्धि की शिफारिश की है।

# नारायण राणे से पूछताछ पर बवाल

## मंत्री नवाब मलिक के इस्तीफे पर पवार का पलटवार!



**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजनीति में सत्ताधारी शिवसेना-एनसीपी और विपक्षी बीजेपी के बीच तकरार में एक-दूसरे नेताओं पर केस के मामले बढ़ते जा रहे हैं. महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक की केंद्र सरकार के प्रवर्तन निदेशालय की ओर से गिरफ्तारी के बाद केंद्रीय मंत्री नारायण राणे और उनके बेटे नीतेश राणे पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है. सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में नारायण राणे से मुंबई पुलिस ने नौ घंटे तक पूछताछ की जिसके कारण उनके समर्थन नाराज हो गए और पुलिस के साथ झड़प करने लगे. इस मामले में कुछ बीजेपी कार्यकताओं को हिरासत में भी लिया गया है. अब इस मामले में राजनीति तेज हो गई है. एनसीपी के प्रमुख शरद पवार ने सवाल पूछते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात का जवाब देना चाहिए कि अब तक नारा■ण राणे ने इस्तीफा क्यों नहीं दिया है.

### मुसलमान होने के कारण मलिक को परेशान किया जा रहा-पवार

शरद पवार ने नवाब मलिक की गिरफ्तारी को राजनीति से प्रेरित बताया है. उन्होंने कहा, बीजेपी जब भी किसी मुस्लिम कार्यकर्ता को देखती है, उसका नाम दाउद इब्राहिम से जोड़ देती है. नवाब मलिक को भी मुस्लिम होने के कारण फंसाया जा रहा है. उन्होंने कहा, पीएम मोदी को यह बताना चाहिए कि नारायण राणे की गिरफ्तारी होने के बावजूद उन्होंने इस्तीफा क्यों नहीं दिया जबकि उनकी पार्टी नवाब मलिक का इस्तीफा मांगती रहती है. कि नवाब मलिक को दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 23 फरवरी को गिरफ्तार किया था. शरद पवार ने मलिक के इस्तीफे की विपक्ष की मांग भी खारिज कर दी.

### मैं दाउद के साथ संबंध में जेल नहीं गया-राणे

शरद पवार के बयान पर केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने भी पलटवार किया है, नारायण राणे ने कहा, मैं जेल जरूर गया हूं लेकिन मेरा दाऊद इब्राहिम से कोई संबंध नहीं है. जबकि नवाब मलिक को दाऊद इब्राहिम के संबंध में गिरफ्तार किया गया है, इसलिए भाजपा नवाब मलिक के इस्तीफा मांग कर रही है. नारायण राणे ने कहा, मैं और मेरी पार्टी मलिक के इस्तीफे की मांग पर हमेशा कायम रहेगी.

# अगर महिला ससुराल में दुर्व्यवहार करती है तो वह ससुराल में नहीं रह सकती: दिल्ली HC




**नई दिल्लीः** दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि अगर कोई महिला अपने ससुराल वालों के साथ दुर्व्यवहार करती है तो उसे उसकी संपत्ति में रहने का अधिकार नहीं हो सकता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत एक बहू को साझा घर में रहने का अधिकार नहीं है और उसे वृद्ध ससुराल वालों के आदेश पर बेदखल किया जा सकता है जो शांति से रहने के हकदार हैं। न्यायमूर्ति योगेश खन्ना, जो एक बहू द्वारा एक निचली अदालत के आदेश के खिलाफ अपील पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें उसे वैवाहिक घर में रहने का अधिकार नहीं दिया गया था, ने कहा कि एक साझा घर के मामले में, मालिक पर कोई प्रतिबंध नहीं है अपनी बहू की बेदखली का दावा करने के लिए संपत्ति का और वर्तमान मामले में, यह उचित होगा कि अपीलकर्ता को उसकी शादी जारी रहने तक एक वैकल्पिक आवास प्रदान किया जाए। न्यायाधीश ने कहा कि वर्तमान मामले में, दोनों ससुराल वाले वरिष्ठ नागरिक हैं जो शांति से रहने के हकदार हैं और अपने बेटे और बहू के बीच वैवाहिक कलह से ग्रस्त नहीं हैं। मेरी राय है, चूंकि पार्टियों के बीच एक घर्षण संबंध मौजूद है, तो उनके जीवन के अंत में वृद्ध माता-पिता के लिए अपीलकर्ता के साथ रहने की सलाह नहीं दी जाएगी और इसलिए यह उचित होगा कि अपीलकर्ता को वैकल्पिक आवास प्रदान किया जाए जैसा कि विवादित में निर्देशित है। घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम की धारा 19 (1) (एफ) के अनुसार, अदालत ने हाल के एक आदेश में कहा।

# एक जिंदगी और कीमत महज 100 रुपये

## ऐसा क्या हुआ कि चंद रुपयों के कर दिया दोस्त का कत्ल?



मुंबई : मुंबई में एक 35 साल के शख्स की 100 रुपये का उधार चुकाने को लेकर हत्या कर दी गई. यह घटना गिरगांव इलाके है. दरअसल अर्जुन यशवंत सिंह सरहर मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला था जो इसी इलाके में छोटे-मोटे काम करता था. उसने अपने साथी मनोज मराजकोले से 100 रुपये उधार ले रखे थे. पुलिस ने बताया कि गुरुवार की रात दोनों नशे में थे और दोनों के बीच उसी 100 रुपए को लेकर बहस दो गई. बाद में जब सरहर पास के ही माधव कंपाउंड में सोने गया तो मनोज ने सीमेंट के ब्लॉक से मार-मार उसकी हत्या कर दी. बाद में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे उसे मंगलवार तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है.

इससे पूर्व भी मुंबई के दहिसर इलाके में एक बेहद ही चौंकाने वाली घटना सामने आई थी, यहां एक दोस्त ने महज 100 रुपये के लिए अपने दोस्त की हत्या कर दी थी.

यह समाचार पत्र मासिक महाराष्ट्र क्राईम्स मालिक,मुद्रक प्रकाशक सिराज चौधरी द्वारा राजीव प्रिंटर्स,४९६,पंचशील नगर-१, नागसेन बुद्ध मंदिर रोड नं-३, तिलक नगर, चेम्बुर, मुंबई-४०००८९ से मुद्रित करवा कर ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू),मुंबई-४०००८३ से प्रकाशित किया ।
संपादक- सिराज चौधरी मो. ९७७३६२२९६७